**खबर संक्षेप**

## मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध जल से सुरक्षा अभियान प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ मंडला जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नागरिकों को शुद्धजल से सुरक्षा अभियान का संदेश देगा। प्रचार रथ को इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ ने भी हरी झंडी दिखाया।

## पंडित आद्या प्रसाद मिश्र का निधन, अंतिम संस्कार आज



**भुआबिछिया।** बिछिया नगर के प्रतिष्ठित नागरिक वयोवृद्ध व्याकरणाचार्य धर्मविशारद संस्कृताचार्य विद्वान पंडित आद्या प्रसाद मिश्रा का आज शाम 97 वर्ष की आयु में अवस्था के चलते निधन हो गया, वे प,अवधेश मिश्रा, उमेश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, के पिता थे उनके निधन पर नगर में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार आज 11 जून बुधवार की सुबह 11 बजे की अंतिम यात्रा घुटास रोड स्थित मुक्तिधाम अंतिम संस्कार में किया जाएगा।

### बिना शिक्षा विभाग की अनुमति के बना नगरपालिका का व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स

# स्कूल के स्थान पर बना दिया कॉम्प्लेक्स

*** आरटीआई से हुआ बड़ा खुलासा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

फतह दरवाजा स्कूल की मूल जगह से हटाकर उसे अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से किए गए खुलासे से यह स्पष्ट हुआ है कि जिस स्कूल की जगह पर नगरपालिका द्वारा व्यवसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया, उसके लिए न तो शिक्षा विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किया गया और न ही बच्चों की सुविधा का समुचित ध्यान रखा गया।

यह मामला वर्षों पुराना होने के बावजूद हाल ही में तब तूल पकड़ गया जब आरटीआई कार्यकर्ता ने मंडला जिला शिक्षा अधिकारी और नगरपालिका से फतेह दरवाजा स्कूल की शिफ्टिंग से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी। शुरुआत में जहां नगरपालिका ने जानकारी अभी तक नही दी गयी, वहीं शिक्षा विभाग की ओर से अधूरी जानकारी दी गई, जिससे मजबूर होकर आरटीआई कार्यकर्ता को जिला पंचायत के सीईओ के समक्ष प्रथम अपील दायर करनी पड़ी।

आरटीआई से जो दस्तावेज सामने आए हैं, वे गंभीर सवाल खड़े करते हैं। दस्तावेजों के अनुसार, नगरपालिका मंडला द्वारा 1 सितंबर 2003 को उप संचालक, शिक्षा विभाग को एक पत्र भेजकर उदय चौक स्थित फतेह दरवाजा स्कूल की जगह पर शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा गया था। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 3 अक्टूबर 2003 को जारी पत्र क्रमांक 5102 में यह स्पष्ट कर दिया गया था कि विद्यालय में बच्चों की संख्या अधिक है, अतः अनापत्ति प्रमाण पत्र देना संभव नहीं है।

इसके लिए कलेक्टर को 31 अक्टूबर 2003 को एक पत्र जारी कर कहा गया कि मौखिक निर्देशानुसार बहुउद्देशीय व्यापारिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है। उदय चौक पर स्थित न. पा. प्राथमिक शाला (फतह दरवाजा) के स्थान पर बहुउद्देशीय व्यापारिक भवन का निर्माण किया जाना है उक्त भूमि कि नजूल शीट में 19 सी के प्लाट नं. 29, 30 पर क्रमशः 5777 व 3624 वर्गफीट भूमि न.पा. का स्वामित्व है जिस पर न.पा. स्वामित्व का स्कूल भवन व खेल का मैदान है। स्कूल भवन में फतह दरवाजा प्राथमिक शाला संचालित है। वर्तमान भवन पुराना, जर्जर व खतरनाक है जिसे तोड़कर न. पा. नवीन बहुउद्देशीय भवन बनाना चाहती है। परन्तु निर्माण होने तक न.पा. के शिक्षा महिला तथा बाल कल्याण विभाग के निर्णयानुसार समीपवर्ती उदय शाला में दोनों शालाएं क्रमशः 7.30 बजे से एवं 11.30 बजे से दो शिफ्टों में लगाई जावेगी। नवीन भवन में निर्माण उपरांत पुनः




व्यवस्था यथावत की जावेगी।

उक्त नवीन भवन के निर्माण हेतु नगर तथा ग्राम निवेश व जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाकर प्रकरण संचालनालय नगरीय प्रशासन भोपाल की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला के पत्र पृ.क्र./ भवन/03/अनापत्ति/5103 दिनांक 3.10.03 अनुसार मात्र एक पाली में दो शालाएं लगाए जाने में असमर्थता व्यक्त की है जबकि शालाएं दो शिफ्ट में लगाया जाना है। संदर्भित चर्चानुसार आपके माध्यम से संशोधित्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी होना है कृपाया त्वरित निर्देश जारी कर शिक्षा विभाग से संशोधित अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करवाने का कष्ट करें। पत्र में यह भी कहा गया था कि निर्माण कार्य के उपरांत स्कूल को उसी स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा।

नगरपालिका की इस योजना को पालक शिक्षक संघ की 19 दिसंबर 2003 को हुई बैठक में सशर्त मंजूरी मिली थी। बैठक में कहा गया था कि स्कूल भवन जर्जर है और निर्माण उपरांत स्कूल को भू-तल पर पुनः स्थापित किया जाएगा। परंतु यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ।

इस अनियमितता का सबसे बड़ा नुकसान स्कूल के बच्चों को उठाना पड़ा है, जिन्हें पिछले लगभग 20 वर्षों से पड़ाव कन्या हाईस्कूल परिसर में पढ़ाई करनी पड़ रही है। क्योंकि यह स्कूल पड़ाव मे संचालित किया जा रहा है। यह स्थान स्कूल की मूल जगह से न केवल दूर है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह उपयुक्त नहीं माना जा रहा है।

आरटीआई से यह भी स्पष्ट हुआ है कि शिक्षा विभाग ने कभी भी स्पष्ट रूप से कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए अनापत्ति नहीं दी थी। फिर भी नगरपालिका ने निर्माण कार्य कर लाखों रुपये का व्यवसायिक लाभ उठाना शुरू कर दिया। सवाल यह भी उठता है कि जब शिक्षा विभाग से अनुमति नहीं मिली थी, तो फिर यह निर्माण किस आधार पर किया गया?

वर्तमान में स्थिति यह है कि जहां पहले बच्चों की शिक्षा होनी थी, वहां आज दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। बच्चों को अब भी एक अस्थायी और असुविधाजनक स्थान पर पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### यह संपूर्ण मामला कई प्रश्न खड़े करता है

बिना एनओसी के निर्माण कैसे हुआ?, कलेक्टर के मौखिक निर्देशों पर इतनी बड़ी प्रशासनिक कार्यवाही कैसे की गई?, पालक शिक्षक संघ की सहमति को नगरपालिका ने अपनी सुविधा अनुसार कैसे इस्तेमाल किया?, निर्माण के बाद भू-तल पर स्कूल पुनः शुरू क्यों नहीं किया गया?

फतह दरवाजा स्कूल की शिफ्टिंग एक प्रशासनिक लापरवाही का ज्वलंत उदाहरण बन चुकी है, जिसमें न केवल शिक्षा विभाग की अनदेखी हुई, बल्कि नगरपालिका ने बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशीलता को भी दरकिनार कर दिया। अब जबकि आरटीआई के माध्यम से सच सामने आ चुका है, जिम्मेदारों को जवाब देना होगा।

## निर्वाचन संबंधी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलो के निर्वाचन/उपनिर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में समस्त सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में आयोग के निर्वाचक नामावली संबंधी कार्यों एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न योजनाओं/प्रेस विज्ञापनों/प्रेस विज्ञप्तियों का सतत रूप से प्रचार-प्रसार करने एवं आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशों के त्वरित आदान-प्रदान हेतु वाट्सऐप्प ग्रुप बनाए जाने के निर्देश दिये। आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के सोशल मीडिया एकांउट को फालो करने तथा नियुक्त कैम्पस एम्बेसडर को भी सक्रिय करने के निर्देश वीडियो कॉफ्रेस में दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अपने सभी बीएलओ को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया एकांउट को फालो करने हेतु निर्देशित करें तथा विभिन्न स्तरों पर वाट्सएप्प ग्रुप बनाकर समस्त सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में आयोग के निर्वाचक नामावली संबंधी कार्यो एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देशित किया गया। मण्डला एनआईसी कक्ष से अपर कलेक्टर अरविंद्र सिंह, एसडीएम सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुषवाहा वीसी में शामिल हुए।




## मंगली में लगा निःशुल्क अंधत्व निवारण शिवर



**भुआबिछिया।** मवई जनपद पंचायत के ग्राम मंगली में कल निःशुल्क अंधत्व निवारण शिविर का आयोजन किया गया जहां ग्राम मंगली में दादा वीरेन्द्र पूरी जी महाराज, (देवजी नेत्रालय) शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 68 मरीजों ने अपनी आंख का जांच करवाया, जांच उपरांत 15 मरीजों को चयनित कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देव जी नेत्रालय जबलपुर के लिए रिफर किया गया इस अवसर पर शिविर में आयोजन कर्ताओं में अनंत सिंह राठौर, अक्षय परते समाज सेवी एवं करन मरावी सरपंच, श्रीमति रेखा धुर्वे सरपंच, ने हरि झंडी दिखाकर बस रवाना किया इस कार्यक्रम में शिवम राठौर,मयंक चौहान, मयूर चौहान मनसुख धार्या, अजय दास भाषत, मूल दास भाषत का सराहनीय योगदान रहा।

## भगवान बिरसा मुण्डा का मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मवई विकासखंड के ग्राम पंचायत बांद्रवाडी के पोषक ग्राम खुर्सीपार में स्थित मढिया, (चौगान) में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर, डॉ विजय धुर्वे सिविल सर्जन मंडला के द्वारा प्रदत्त भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया ने सभा को संबोधित किया, अध्यक्षता चुरामन परते (पंडा) ने की, विशिष्ट अतिथि अनंत सिंह राठौर सभापति सहकारी एवम्-उद्योग समिति जनपद पंचायत मवई, विशिष्ट अतिथि सुखमन धुर्वे जनपद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि बोधू सिंह मरावी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से



करन सिंह मरावी सरपंच, हरि कुलेश सरपंच, ओमप्रकाश मरावी सरपंच, सहस राम धुर्वे सरपंच, खुदीराम धुर्वे पूर्व सरपंच, अक्षय परते पूर्व सरपंच समाज सेवी, हनुमान जाट उपसरपंच, राजकुमार अहिरवार उप सरपंच, नितेश साहू, डीलन मरकाम, सम्मे परते, बालचंद्र परते, मनोज परते, रेवेनदर मरकाम, केहर परते, आलम टेकाम, रामप्रकाश परते, द्वारका चेचाम, अशोक पुशाम, पड़तू पुशाम, केशर धुर्वे दयाराम मरकाम, मूलचंद मरावी, रामदयाल धुर्वे, श्रीमति निर्मला मरकाम, श्रीमति हंसा टेकाम,सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन विनीत भाषत, ने किया, आभार व्यक्त करन सिंह मरावी सरपंच ने किया।

## 180 मरीजों की हुई जांच, 20 मरीजों को किया गया रेफर




**भुआबिछिया।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जनपद पंचायत मवई के ग्राम पंचायत भीम डोंगरी में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वर्गीय विपत लाल नायक एवम् स्वर्गीय कवल सिंह परते की स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमे 180 मरीजों का जांच उपरांत निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया एवं 20 गंभीर मरीजों को चयनित करके लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल रायपुर छत्तीगढ निःशुल्क इलाज हेतु जनप्रतिनिधियो द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ म पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक बिछिया द्वारा छाया चित्र पर तिलक वंदन कर किया गया। कार्यकम में रायपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ प्रशांत नायक, डॉ विजय डिम्बा, डॉ लक्ष्मीकांत साहू,डॉ अभिजीत तिवारी, सहित अन्य डाक्टरों ने निःशुल्क सेवा दी, उक्त शिविर में ओम प्रकाश मरावी सरपंच, करन सिंह मरावी सरपंच, हनुमान जाट, लखन बंजारा, संतोष पवार, जय सिंह धुर्वे सचिव, गुलाब उइके, कृष्णा मरावी, शिवम राठौर, मयूर नायक का सराहनीय योगदान रहा।

**शिविर** | **बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास की दिशा में सराहनीय पहल।**

# ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स का द्वितीय बैच संपन्न

*** पुलिस स्टाफ के बच्चों को मिला अवसर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 09 जून 2025 को पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में, मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस विश्व मुख्यालय कन्हा शांति वनम, हैदराबाद के सहयोग से मंडला जिला पुलिस द्वारा ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स के द्वितीय बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह विशेष कोर्स 05 से 15 वर्ष की उम्र के पुलिस परिवारों के बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास हेतु चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा एवं रक्षित निरीक्षक श्री सुनील नागवंशी के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस लाइन स्थित लर्निंग सेंटर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस बैच में कुल 40 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। समापन अवसर पर ब्लाइंडफोल्ड




एक्टिविटी करवाई गई, जिसमें बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न रंगों की पहचान कर अपनी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और अंतर्ज्ञान क्षमता का परिचय दिया।

प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत एवं महिला आरक्षक मिथलेश पाटिल जो कन्हा शांति वनम, हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को ब्राइटर माइंड्स के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक आधार पर तैयार सत्रों के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई, जो बच्चों के तंत्रिका तंत्र के विकास, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास को उभारने में सहायक रही।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें आगे भी ऐसे प्रयासों में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडला पुलिस द्वारा यह पहल पुलिस परिवारों के सर्वांगीण विकास और भावी पीढ़ी को मानसिक रूप से और भी सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया के रेस्ट हाउस परिसर में 9 जून को भारत देश के महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सैनानी वीर बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बिछिया के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए उसके पश्चात अतिथियों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का परिचय हुआ और तत्पश्चात भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम द्वारा बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उनके जीवन और संघर्षों के बारे में उपस्थित लोगों को बतलाया गया। अगले उद्बोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन आधारित उनके द्वारा किए गए वीरता पूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन ने बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि में उन्हें याद करते हुए उनके जीवन की महत्वपूर्ण बातों को और हमें उनके जीवन से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

बिछिया स्थित रेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन द्वारा संगठनात्मक बैठक भी ली गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों में चर्चा की गई साथ ही कई महत्वपूर्व दिशा निर्देश और आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई।

भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां और गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही व्यक्ति को मिलता रहे इस हेतु भी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा परिचर्चा हुई।

कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत और आभार प्रदर्शन दीपक कटारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम और बैठक में भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनी मरावी सहित समस्त सम्मानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्तियों एवं सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने मारी बाईक सबारों को टक्कर, बाइक चालक की स्थिति गंभीर



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह बगैर नम्बर के ट्रेक्टर ट्राली धमाचौकड़ी मचाये हुये देखे जा रहे है उन पर अंकुश नही लगने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है। बताया जाता है कि इन ट्रेक्टर ट्रालियों को दौड़ाने वाली चालको की स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि न तो उनके पास लाईसेंस होता है और न ही सही रूप से ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन होता है। वही कुछ ट्रेक्टर ट्राली परिवहन विभाग में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज होने के बाद भी उनको अन्य प्रकार के व्यवसायिक कार्यों में उपयोग होते हुये देखे जाने के बाद भी शासन प्रशासन की अनदेखी दुर्घटनाओं का कारण बनने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये उस समय देखने मिली जब ग्राम केकरा बरहटा निवासी दो युवक जब अपने किसी काम से मोटर साईकिल पर सबार होकर जा रहे थें उसी दौरान तेज गति से भागते हुये जा रहे एक ट्रेक्टर ट्राली ने दोनों मोटर साईकिल सबार युवकों को टक्कर मारे जाने के कारण घायल हो गये। वही लोगों द्वारा जब घायल युवकों को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय भेजा गया तो एक युवक की स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो सगी बहिनों की मौत से शोक में डूबा शहर



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** कहा जाता है कि किस दिन की कौन से घड़ी दुखित खबर लेकर आ जावे किसी को पता नही रहता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के एमपीईबी कालोनी निवासी कुशवाहा परिवार में देखने मिली जब उनकी दो होनहार बेटियों की सड़क दुर्घटना की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पूरे नगर में शोक का महौल दिखाई देने से नही चूका पाया। बताया जाता है कि नगर के एमपीईवी कलोनी निवासी कुशवाहा जय प्रकाश वर्मा की दोनों बेटियां जो वर्तमान में भोपाल में निवासरत है। जानकारी के अनुसार इनकी दोनों बेटियां सगी बहनें कुशवाहा दीपाली वर्मा सिविल इंजीनियर बैगलोर एंव कुशवाहा शिखा वर्मा स्टेंट बैंक आफ इंडिया नर्मदापुरम में सर्विस में थी। वही बीते हुये रविवार की रात्रि 10 बजे भोजपुर से लौटते समय बागसिमिनिया थाने के सामने भोपाल में एक डंपर एक्सीडेंट में दोनों की मौत हो गयी तथा एक गंभीर हालत में एम्स में भर्ती बताई जाती हैऔर दो अन्य लोगों को चोटें। इस तरह घटित हुये सड़क दुर्घटना में इन दोनों बेटियां कुशवाहा जय प्रकाश वर्मा भारतीय सेना से रिटायर्ड है पुत्री थी। जो वर्तमान में सैनिक कल्याण बोर्ड भोपाल में कार्यरत है। वही इनके दादा रिटायर्ड शिक्षक दामोदर वर्मा कुशवाहा पलोहा बड़ा के रहने वाले है एंव चाचा खूबचंद पटेल गाडरवारा में निवास करते है। इस तरह नगर की शान माने जाने वाली होनहार दोनों बेटियों की सड़क दुर्घटना में मौत की खबर फैलते हुये नगर में शोक का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया।

## कमिशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है।

# ज्येष्ठ माह की स्नान पूर्णिमा के चलते देर रात नर्मदा मार्ग की सड़कों पर उमड़ते हुये देखने मिला भक्तों का जन सैलाब







### समय पैदल व सरे भरते हुये जाने वाले लोगों के लिये इस मार्ग से दौड़ने वाले भारी भरकम वाहनों से बनती है खतरे की संभावना..?

हमारे क्षेत्र के सौभाग्य है कि गाडरवारा तहसील से माँ नर्मदा का निकलना हुआ है, जिसके चलते हमारे क्षेत्र को बडी बड़ी मुश्वितों से माँ नर्मदा बचाती चली आ रही है। मॉ नर्मदा मे गाडरवारा क्षेत्र की ही नही बल्कि पूरा भारत वर्ष के श्रद्धालुओं की असीम आस्था है।

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मगर देखा जा रहा है के माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा की जाने वाली सभी घोषणाये मात्र एक दिखाबा साबित होने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों का जीवन भी असुरक्षित महसूस किये जाने लगा है। क्योंकि हर माह पूर्णिमा के अवसर पर देखा जाता है कि जहां नर्मदाजी के हर घाट पर भक्तों का मेला लग जाता है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पहले से ही क्षेत्र की सड़को से जहां सैकड़ो संख्या में भक्त सरे भरते हुये नर्मदा के लिये निकलते है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पूर्व रात्रि का महौल तो इस तरह से देखने मिलता है कि नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो पर जन सैलाब समाने का नाम ही नही लेता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो से जिस तरह रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी रहने के कारण इन भक्तों के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पाता है? इस बात की सच्चाई बीते हुये वर्ष उस समय देखने मिल भी चुकी है जब ककरा घाट सरे भरते हुये जा रही भक्तों के ऊपर एक वाहन के चढ़ जाने के कारण उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ गई थी? इसी बात को ध्यान में रखते हुये नर्मदा भक्तों द्वारा शासन प्रशासन के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से मांग की जा रही है कि हर माह यानि की पूर्णिमा के पूर्व रात्रि पर नर्मदा की ओर जाने वाले मुख्य मार्गो पर भारी भरकम वाहनों में मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर एक रात के लिये प्रतिबंध लगना चाहिये। इसी प्रकार का हाल आज ज्येष्ठ व स्नानदान पूर्णिमा के चलते मंगलवार की रात देखने मिला। देर रात तक नर्मदा स्नान करने जाने वाले पैदल जत्थों की भीड़ उमड़ते हुये देखने मिली। इसी के चलते लम्बे समय से पूर्णिमा के पूर्व रात जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से नर्मदा भक्तों द्वारा अपेक्षा जताई जा रही है कि रात को नर्मदाजी की ओर जाने वाली सभी मार्ग पर भारी वाहन मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाने के आदेश देना चाहिये। मगर इस ओर किसी तरह से जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने के चलते बीते हुये रात नर्मदा भक्तों के बीच भारी भरकम डम्फर धमाचौकड़ी मचाते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है सरकार द्वारा माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर आये दिन बड़ी बडी घोषणाये तो की जाती है। मगर उन पर अमल नही होने के कारण माँ नर्मदा लगातार प्रदूषित होने से नही बच पा रही है। यह बात अलग है कि माँ नर्मदा क्षेत्र के हर तबके के लोग मॉ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए क्या क्या कर रहे है यह बात सभी जानते है। आये दिन देखा जाता है कि क्षेत्र की पावन माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए लोगों द्वारा जहां सफाई अभियान चलाते हुए उसे प्रदूषण व गंदगी से मुक्त किया जा रहा है। वही कुछ लोग इस प्रकार के भी देखे जात है तो माँ नर्मदा की कृपा से अपना जीवन संभार रहे है जिसके चलत जहां प्रतिवर्ष सैकड़ो लोगों द्वारा माँ नर्मदा की नंगे पैर परिक्रमा करते हुए सुबह शाम जहां माँ नर्मदा की आरती व पूजन करने के साथ साथ हर माह अमावस्या व पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदाजी की शरण में सरे भरने से लेकर नंगे पैर पैदल पहुंचते है। इस प्रकार से आस्थावान लोगों के चलते माँ नर्मदा के हर घाटों पर मेले का स्वरूप देखने मिलता है और वही दूसरी ओर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो माँ नर्मदाजी में गंदगी फैलाने से नही चूकते है? कुछ लोगों को इस प्रकार से भी देखा जाता है जिनके मुंह मे राम बगल मे छुरी बाली कहावत को चरितार्थ करने में कसर नही छोड़ते है? जिनका मॉ नर्मदा मे पूजन करने का तरीका भी अनोखा होता है जो अपने घर की पूजन हवन सामग्री सहित अन्य सामग्री बड़े बड़े पालीथिनो मे लेकर पहुंचते है वही सामग्री माँ नर्मदा के निर्मल नीर में छोड़ते हुये गंदगी फैलाते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से अपने घरों से लाई गई हवन पूजा सामग्री पालिथिन सहित नर्मदा जल मे डालकर मॉ नर्मदा के अमृत जल को प्रदूषित एवं गंदा करते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी माँ का हृदय इतना बड़ा होता है कि वह अपने आंचल को मेला करने वालों की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये सदा ही उन्हें आर्शीवाद देते हुये देखी जाती है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा माँ नर्मदा के संरक्षण की बात कहते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं तो चलाई जा रही है। मगर दूसरी ओर जिस प्रकार से माँ नर्मदा के जल को शहरों में घरेलू उपयोग से लेकर स्थापित हो रहे उद्योगों में पहुंचाने के लिये छूट प्रदान की जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का स्वरूप बदलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि माँ नर्मदा का जल जहां शहरों में पहुंचते हुये उसका घरेलू उपयोग होने के कारण माँ नर्मदा भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर उद्योग केन्द्रो में भारी मात्रा में नर्मदा जल ले जाने के कारण हर वर्ष नर्मदा जी के जल स्तर में कमी दिखाई देने से नही भी चूक पा रही है। मगर इस ओर न तो सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य अधिकारियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का अस्तित्व खतरे में पड़ते हुये दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है? कुछ इसी प्रकार से माँ नर्मदा को प्रदूषण करने की हद तो तब देखने मिली जब कुछ दिवस पहले समीपस्थ माँ नर्मदाजी के तट के पावन जल में कुछ मरे हुए मावेशी पड़े हुए थें, जिनको वहां मौजूद कौआ, कुत्ता व अन्य जानवर नोच नोच कर खा रहे थें। वही दूसरी ओर इन मरे पड़े हुए मावेशियों से निकल रहे बदबू के कारण माँ नर्मदा स्नान करने गये श्रद्धालाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखकर लोगों द्वारा यह बात कहने से नही चूके की जिस क्षेत्र के लोगों का जहां माँ नर्मदा भला कर रही है और वही लोग इन्हें प्रदूषित करने से नही चूक रहे है? यदि माँ नर्मदाजी के प्रति सरकारों का यही रवैया यही रहा तो वह दिन दूर नही जब हम मॉ नर्मदा के सिर्फ दर्शन भर कर सकेगें उनके जल के लिये तरस जावेगें?

## ओवर लोडिंग वाहन बन रहे दुर्घटनाओं का कारण, पुलिस द्वारा किया जा रहा नजर अंदाज



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

क्षेत्र में आये दिन घटित होने वाली घटनाओं को लेकर यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर जिस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई देखी जा रही है वह सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहे है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा ओवर लोड़गि वाहनों सहित नियम विरूद्व वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की बात तो कही जाती है, मगर सड़को पर इस प्रकार से दौड़ने वाहन ओवर लोडिंग वाहनों को नजर अंदाज किया जाना निश्चित ही पुलिस की उदासीन कार्य प्रणाली को उजागर करने से नही चूक पाता है? क्योंकि इस समय क्षेत्र की सड़कों पर जिस प्रकार से डेयरी संचालन करने वालों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियों में भूसा ढोने का कार्य किया जा रहा है उन ट्रालियों में भूसा भरने के लिये वह सभी नियमों का दर किनार करते हुये जिस प्रकार से भरते हुये देखे जा रहे है उसके चलते जब भूसा भरा हुआ यह वाहन मुख्य सड़को से गुजरता है तो वह पूरे मार्ग के यातायाता में व्यवधान पहुंचाने में जहां कोई कसर नही छोड़ता है, वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग स्थिति में भरे हुये इस वाहन को यदि कोई अन्य वाहन चालक ओवर टेक करते हुये आगे निकलने का प्रयास करता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई देता ही नही और जिसके चलते बड़ी घटनाएं घटित होने से नही चूक पाती है, क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से ओवर लोड स्थिति में भूसा ले जाने वाले वाहनो के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिये, मगर पुलिस प्रशासन इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है।

## मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान रथ पर भाजपा जिला अध्यक्ष को जगह न मिल पाना बना चर्चा का विषय, कहीं यह गुटबाजी की सच्चाई तो नहीं....?





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को गाडरवारा नगर में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान जहां नगर के पलोटन गंज से लेकर पानी टंकी के बीच मुख्यमंत्री का रोड़ शो भी किया गया। इस तरह भाजपा द्वारा आयोजित किये गये रोड शो में शहर के पलोटन गंज से आयोजन स्थल तक मुख्यमंत्री को एक रथ पर सबार किया गया था। इस तरह नई नबेली दुल्हन की तरह सजे हुये रथ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के साथ क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के आलवा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सबार होकर जहां नगर के लोगों का अभिवादन करते हुये नजर आ रहे थें तो दूसरी ओर इस मार्ग पर जहां तहां बनाये गये स्वागत मंचों के माध्यम से लोग प्रदेश के मुख्यमंत्री के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुये स्वागत करते हुये देखे जा रहे थें। इस तरह आयोजित किये गये रोड शो के दौरान रथ पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक की रथ पर मुख्यमंत्री के साथ अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान हेलीपेड पर भी देखने मिली जब मुख्यमंत्री के नगर आगमन के हैलीपेड पर स्वागत करने के लिये पहुंचे लोगों के बीच भी भाजपा जिला अध्यक्ष मौजूद नजर नही आये। वही दूसरी ओर सच्चाई पर गौर किया जावे तो नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत कुल चार विधान सभा क्षेत्र आते है, जिसमें गाडरवारा, तेंदूखेडा, नरसिंहपुर व गोटेगांव शामिल है। मगर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जिस तरह गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश व नरसिंहपुर विधायक तथा प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटैल गायब नजर आये। यदि आयोजन की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो मुख्यमंत्री द्वारा गाडरवारा में आयोजित कार्यक्रम में गाडरवारा विधान सभा सहित तेंदूखेड़ा विधान सभा, नरसिंहपुर विधान सभा व गोटेगांव विधान सभा क्षेत्र के अनेक निर्माण कार्यो का भूमि पूजन सहित पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो का लोकापर्ण किया गया है। इस तरह जिस तरह जिन विधान सभा क्षेत्र के कार्यो का भूमि पूजन व लोकापर्ण हुआ है उन्ही क्षेत्र के विधायकों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि कही यह गुटबाजी की सच्चाई तो नही...?

## सड़क क्रॉसिंग से लेकर खेतों में झूलते हुये बिजली लाईनों के सुधार में जुटा हुआ बिजली विभाग, किसानों को भी परेशानियों से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।

ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बे समय से देखा जा रहा था कि सड़क के ऊपर से निकली हुई बिजली लाईनों के झुलते हुये तार जहां कभी कभी बडे वाहनों को निकलने में परेशानी का कारण बनने से नही चूकते थें। वही दूसरी ओर किसानों के खेतों के ऊपर से इस तरह निकली हुई लोनों के तार ढ़ीली होने के कारण आये दिन हवा चलने के दौरान चिंगारी छोड़ने के चलते किसानों के खेतों में खड़ी फसलों में आग लगने से नही चूकती थी जिसके चलते किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता था। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा आये दिन प्रमुखता के साथ उजागर किया जा रहा था। इस तरह से किसानों सहित आमजन की बिजली समस्या के निदान को लेकर सिहोरा विद्युत वितरण केन्द्र द्वारा गंभीरता से लेते हुये सुधार कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि सिहोरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के मुख्य सड़क में सड़क क्रासिंग में बड़े पोल लगाकर 11 केवी लाइन की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है, जिसमें मुख्य मार्ग ग्राम घघरोला, भौरझिर, बहरा , खुलरी, बिलोनी,





अजनसरा, गरहा, पनारी, सिहोरा, कल्याणपुर, मालनवाड़ा , नारगी, हरई और ग्राम निजोर में सड़क क्रॉसिंग पर लटके हुए तारों की बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान कर दिया गया है। इस पहल से क्षेत्र के लगभग 52 ग्रामों के किसान और ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं। वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता भूपाल सिंह ऊईके ने जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। इसके लिए विशेष तकनीकी टीमों को तैनात किया गया था समस्या के स्थायी समाधान के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। वही कनिष्ठ अभियंता उइके यह भी कहा कि उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए विभाग के टोल-फ्री नंबर 1912 अथवा मोबाइल नंबर 9425806352 पर संपर्क कर सकते हैं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये हमारी टीम पूर्णरूप से तैयार रहती है। इस अवसर पर गाडरवारा संभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष ओझा ने कहा, हमारे विभाग का उद्देश्य नागरिकों को सुचारू और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति प्रदान करना है। इस प्रकार की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। वही अधीक्षण अभियंता अमित चौहान नरसिंहपुर ने कहा कि इस तरह के जनहितैषी कार्य पूरे संभाग में वरीयता के आधार पर किए जा रहे हैं। इस पहल से न केवल दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है, बल्कि क्षेत्र में विकास की गति को भी बढ़ावा मिला है तथा बिद्युत सप्लाई में होने वाले व्यवधान से भी निजात मिलेगी।

## कृषि संबंधी जानकारियों के आभाव में शासन की योजनाओं का लाभ लेने से बंचित हो जाते हैं कृषक

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अनेक किसान हितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के चलते क्षेत्र के किसानों को हर्ष होता है कि उनका मुखिया शिवराज सिंह चौहान हैं, मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कृषि विभाग उनकी विश्वसनीयता को कम कर देते हैं, क्योंकि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की समय पर जानकारी नही मिल पाने के कारण वह इन योजनाओं का लाभ नही उठा पाते है, वही



मिल रही जानकारियों के अनुसार क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पदस्थ ग्राम सेवको की स्थिति इस प्रकार से रहती है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करने की बात तो दूर उनके क्षेत्र में किसानों को दर्शन तक नही होते है जिसको लेकर यह बात कही जावे कि किसान उन्हें पहचानते तक नहीं हैं, किसानों का कहना है कि आखिर हमें जानकारी देने का जिम्मा किसके हाथ में है, आखिर क्यों नहीं आते कृषि विभाग में पदस्थ अधिकारी उनके गांवों में क्यों सरकार द्वारा उन्हें सिर्फ अपने आफिसों में बैठने के नाम पर ही तान्खाहा दे रही है? क्यों नहीं करते जनसंपर्क, कौन देगा हमें जानकारी, कैंसे मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ, यह सवाल सभी किसानों को परेशान किए हुए हैं? क्योंकि अधिकांश ग्राम सेवको का कार्यालय शहरों में है जहाँ उन्हें खोजना एक कठिन कार्य होता है, गाँव में उन्हें कभी देखा ही नहीं? म.प्र. कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया है जहाँ बैठे वैज्ञानिक हमारे यहाँ के वातावरण से अंजान हैं और इसीलिए वो सही उपचार नहीं बता पाते और किसान उनके बताए अनुसार उपचार तो करता है लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता, जिले के कृषि विभाग से माँग की गई है कि ग्राम में ग्राम सेवक को ग्राम का दौरा करने के निर्देश दें जिससे किसानों को अपनी समस्या से निदान मिल सके।

## खबर संक्षेप

### गुमशुदा बुजुर्ग पिता की तलाश, पुत्र ने थाने में की शिकायत



**शहपुरा** – डिंडोरी जिला के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जिमरा निवासी श्री गोपाल चंदेल पिता छोटेलाल चंदेल उम्र 75 वर्ष कुछ दिन पूर्व दिनांक 25 अप्रैल 2025 को बिना बताए घर से कहीं चले गए है। परिवार के लोगों ने सभी जगह ढूंढा हर जगह तलाश की लेकिन गोपाल चंदेल का कहीं पता नहीं चल सका। थक हार कर पुत्र अजय चंदेल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज की है। शिकायत उपरांत शाहपुरा पुलिस ने तलाश करने का आश्वासन दिया है। पुत्र अजय चंदेल द्वारा बताया गया है कि जिस किसी सज्जन को पिता गोपाल चंदेल मिलते हैं कृपया इस फोन नंबर 8817192493 पर बताने की कृपा करेंगे। पिता गोपाल चंदेल का पता बताने वाले व्यक्ति को उचित इनाम दिया जाएगा।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कल कार्यशाला आयोजित

**अनूपपुर**। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जून 2025 को बाल श्रम के विरुद्ध विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के शहर एवं कस्बों में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने दी है।

### रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 3 वाहन जब्त

**अनूपपुर**। कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु खनिज विभाग द्वारा आज तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम बम्हनी तथा लोहासुर क्षेत्र अतर्गत 02 वाहन जिनके ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी 18 एए 8256 तथा एमपी18 एए 5337 को खनिज रेत अवैध उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। साथ ही एक वाहन थाना भालूमाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगडुमरा से खनिज रेत अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए पाये जाने पर जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा 01 जून 2025 से 10 जून 2025 तक कुल 16 वाहनों को जब्त किया गया है तथा प्रकरण दर्ज किया जाकर न्यायालय कलेक्टर में निराकरण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

### सामुदायिक कार्यकर्ता पूर्णिमा श्याम द्वारा 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

**राजेन्द्रग्राम**। अनूपपुर जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम बसनिहा में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया जिसमें प्रमुख बीज रोपण, पत्तों से आकृतियाँ बनाना, कागज़ से वस्तुएँ बनाना, मिट्टी से मूर्ति निर्माण, रंगोली और चित्रकला आदि। साथ ही, उन्हें बाल संरक्षण कानून की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। समापन दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मक कृतियों का अवलोकन किया गया।

### हरि सिंह चौहान बने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के कोषाध्यक्ष

**अनूपपुर**। भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में हरिसिंह चौहान को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर संभाग में हर्ष का माहौल है। हरि सिंह चौहान मध्यप्रदेश के वॉलीबॉल संघ में कई पदों पर रहे हैं,जिनके माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की प्रतिभाएं पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर जिला व्हालीबॉल संघ अनूपपुर के सदस्यों व खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री चौहान को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।







# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 70 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**डिंडौरी**। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए समयसीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग एवं डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। शासकीय हाई स्कूल मडियारास के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय का विद्युत कनेक्शन विगत दो माह से खराब है, जिससे पढ़ाई और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए।वहीं ग्राम पंचायत पिण्डरूखी के पोषक ग्राम पाखाटोला के ग्रामीणों ने रास्ते की सुविधा नहीं होने की शिकायत की, जिससे उन्हें शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने और मार्ग निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत मडियारास से पहुंचे ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की। बताया गया कि एक व्यक्ति द्वारा आम रास्ते पर पक्का मकान बनाकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तहसीलदार डिंडौरी को मौके का निरीक्षण कर अतिक्रमण तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि जिलेवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है और सभी विभागों को जनहित के मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# शहपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**शहपुरा** – ज़िले की शहपुरा तहसील को जिला बनाने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर मंगलवार को शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार सुखमन कुलेश को ज्ञापन सौंपा गया। शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष पत्रकार भीमशंकर साहू ने ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सन 1977 अर्थात 47 वर्षों से भी अधिक समय से क्षेत्र की जनता शहपुरा को जिला बनाने की मांग कर रही है अर्थात मण्डला जिले के समय से व डिण्डौरी जिला बनने के पूर्व से ही शहपुरा को जिला बनाये जाने की मांग की जा रही है अर्थात शहपुरा जिले की मांग नई नहीं अपितु अत्यंत पुरानी मांग है साथ ही शहपुरा को जिला बनाने के लिए क्षेत्र की आम जनता ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार माननीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार, माननीय पूर्व उपप्रधानमंत्री भारत सरकार, महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन सहित अनेकों राष्ट्रीय और राज्य स्तर के माननीय कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री सहित वर्तमान मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव को कई ज्ञापन प्रस्तुत कर शहपुरा को जिला बनाने की माग की गई है तो वहीं तत्कालीन राज्यमंत्री व विधायक श्रीमति गंगा बाई उरैती के द्वारा सन 1994 में म०प्र० शासन व जिला पुनर्गठन आयोग को शहपुरा जिला बनाये जाने का विधिवत प्रस्ताव बनाकर भेजा था साथ ही मीसाबंदी स्व० जमुना प्रसाद शर्मा जी के द्वारा अनेकों ज्ञापन, प्रस्ताव व मांग पत्र शासन को प्रेषित किये गये किन्तु सरकारों व समस्त जनप्रतिनिधियों क द्वारा जनभावनाओं को दरकिनार कर सिर्फ कोरा आश्वासन दिया गया है। जिसके कारण आज तक शहपुरा को 47 वर्षों बाद भी जिला घोषित नहीं किया गया है, शहपुरा को जिला का दर्जा नहीं देने से क्षेत्र का विकास हासिये पर है जिससे नगरवासी एवं ग्रामवासी अपन आप को ठगा महसूस कर रहे है।

शहपुरा क्षेत्र की जनता एक बार फिर माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करती है कि शहपुरा, निवास, मेंहदवानी, विक्रमपुर, चौरई, रहठा क्षेत्र व तहसील और विधान सभाओं को एकत्रित कर शहपुरा को जल्द से जल्द जिला घोषित किया जावे।

हाल ही में शासन-प्रशासन के द्वारा एक पत्र जारी हुआ है। जिसमें निवास को जिला बनाए जाने स्थानीय प्रशासन से राजस्व विभाग संबंधी शहपुरा तहसील क्षेत्र की आवश्यक जानकारियां मंगाई गई है जिसमें डिण्डौरी जिले के शहपुरा व मेंहदवानी विकासखंड को शामिल किया जाना है। शासन प्रशासन के इस पत्र से शहपुरा व मेंहदवानी क्षेत्र की जनता को गहरा आघात पहुंचा है। जबकि शहपुरा व मेंहदवानी की जनता की वर्षों पुरानी मांग है कि शहपुरा ही जिला बने। शासन-प्रशासन द्वारा जारी पत्र के संज्ञान में आते ही शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति ने 06 जून 2025 को भाजपा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में बैठक रखी गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि हम शहपुरा को शामिल कर निवास जिले की मांग का समर्थन नहीं करते हैं। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भी शहपुरा को ही जिला बनाने का समर्थन किया है। शहपुरा को ही जिला बनाया जाए, क्योंकि 47 वर्षों से हमारी सबसे पुरानी मांग है इसके लिए हमारे पूर्वजों ने भी लड़ाई लड़ी है। इसलिए शासन प्रशासन को चाहिए कि शहपुरा ही जिला बने। शहपुरा हर दृष्टि से जिला बनने के लिए उपयुक्त है। कोरे आश्वासन का क्षेत्र की जनता विरोध करती है और शहपुरा को जिला घोषित नहीं करने पर क्षेत्र की जनता अब उग्र जनआंदोलन करने को मजबूर होगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### भारतीय किसान संघ ने भी जिला बनाने का किया समर्थन

शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति की मांग को जायज और क्षेत्र हित का बताते हुए भारतीय किसान संघ ने भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य ने कहा कि शाहपुरा को जिला बनाने की मांग वर्षों पुरानी है इसके लिए शाहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति सतत संघर्षरत है। कई बार ज्ञापन आंदोलन हुए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज पुनः शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति की मांग का भारतीय किसान संघ समर्थन करता है कि शहपुरा को जल्द से जल्द जिला बनाया जाए।

### ये रहे मौजूद -

मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते समय शहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष पत्रकार भीमशंकर साहू , सलाहकार एडवोकेट निर्मल कुमार साहू , मीडिया प्रभारी आशीष गौतम, संदीप कुमार गौलिया, रामकिशोर सोनी , टीकाराम झारिया, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू, तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य,भारतीय जनता पार्टी शहपुरा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार साहू, पार्षद देवेन्द्र बनवासी, भाजपा नेता व रिटायर्ड फौजी सोनलाल परस्ते, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा, चैतन्य साहू, रामबिहारी साहू, प्रकाश अग्रवाल, नरेंद्र, बद्री प्रसाद साहू, ओमप्रकाश राजा साहू, जगदीश साहू मेंहदवानी, मनेन्द्र कुमार द्विवेदी, जनपद सदस्य कीर्ति साहू, रिचा गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न, कलेक्टर ने दिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**डिंडौरी**। जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजु ब्यौहार, जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री आरईएस दीपक आर्मो, परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ला सहित जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, उपयंत्री व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बताया कि राज्य स्तर से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, पुराने कार्यों की पूर्णता, कूप रिचार्ज व अमृत सरोवर निर्माण जैसे कार्यों की प्रगति के आधार पर जिलों की समीक्षा की जा रही है। डिंडौरी जिले को 2171 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध 2321 स्वीकृतियाँ जारी कर 2200 कार्यों में निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी सहायक यंत्रियों और उपयंत्रियों को निर्देश दिए कि खेत तालाब निर्माण कार्य निर्धारित प्रारूप व गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही मजदूरी एवं सामग्री की समयबद्ध माप तोल कर जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से एफटीओ जारी किए जाएं। कूप रिचार्ज कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले को 1500 कूपों में जलस्तर संवर्धन हेतु रिचार्ज संरचनाएं निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध 1570 कूपों में कार्य स्वीकृत होकर निर्माण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संरचनाएं 15 जून तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण की जाएं और सभी भुगतान प्रक्रिया नियमानुसार सुनिश्चित हो।इसके अतिरिक्त जिले में 187 सार्वजनिक तालाबों का निर्माण भी प्रगति पर है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक तालाबों सहित सभी अमृत सरोवरों, खेत तालाबों में बंड निर्माण, पिचिंग एवं वेस्टवेयर का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यों की सतत निगरानी व समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# फर्जी आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप का प्रयास, कलेक्टर के निर्देश पर अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज

**डिंडौरी** । जिले में फर्जी आदेश बनाकर प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप करने का गंभीर मामला सामने आया है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देश पर इस संबंध में तहसीलदार करंजिया द्वारा थाना प्रभारी करंजिया को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है।

मामले के अनुसार, दिनांक 13 मई 2025 का उपयोग कर फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से एक फर्जी आदेश तैयार किया गया, जिसका प्रयोग जिला पर्यटन समिति सहित अन्य विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप के उद्देश्य से किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करंजिया थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 482, 318(4), एवं 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह कृत्य शासकीय आदेशों की फर्जी तरीके से रचना एवं उपयोग की श्रेणी में आता है, जिससे न केवल सरकारी कार्यप्रणाली बाधित हो सकती थी, बल्कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो सकती थी।थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सत्यता की पुष्टि होने पर दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय दस्तावेजों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के संबंध में बैठक संपन्न

**अनूपपुर**। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के द्वारा नशा मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों तथा 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार मे बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय के के सोनी ने अवगत कराया कि 8 से 14 जून तक कला शिल्प गतिविधियां श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, 15 से 21 जून तक जन जागरूकता कार्यशाला, सेमिनार, वेबीनार, स्कूल एवं कॉलेज में आयोजित करने तथा स्वस्थ हो चुके उपयोगकर्ताओं के साथ कार्यशाला, 22 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वाहन रैली, नुक्कड़ नाटक आदि 22 से 26 जून तक डिजिटल सहभागिता के अंतर्गत शॉर्ट वीडियो एवं रील प्रतियोगिता व सोशल मीडिया अभियान हैशटैग, प्रश्नोत्तरी आदि जन जागरूकता कार्यक्रम तथा 26 जून को जिला स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के बैनर अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभागों की भूमिका के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपसी समन्वय से कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा। बैठक में महिला बाल विकास, जनजाति कार्य, सर्व शिक्षा अभियान,जन अभियान परिषद शिक्षा ,आबकारी, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# भवन विहीन है पुलिस थाना मेंहदवानी को कब नसीब होगा भवन

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**। पुलिस थाना मेंहदवानी को 26 जनवरी 2017 को पुलिस चौकी से उन्नयन कर पुलिस थाना के रूप में स्थापना किया गया था। पुलिस थाना मेंहदवानी की स्थापना को आठ वर्ष गुजर चुके हैं वावजूद इसके अभी तक थाना भवन नहीं बन सका है। वर्तमान में पुलिस थाना मेंहदवानी प्रतीक्षालय भवन में संचालित किया जा रहा है जहां आधुनिक सुख सुविधाएं नदारद है। पूर्व में जब मेंहदवानी पुलिस चौकी हुआ करता था तब पुलिस चौकी भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ था जो संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के चलते अपूर्ण रह गया था जो आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। इसके बाद शासन प्रशासन द्वारा पुलिस थाना भवन बनवाने की सुध नहीं लिया गया है जिसके चलते बदइंतजामी के बीच प्रतीक्षालय भवन में पुलिस थाना मेंहदवानी संचालित किया जा रहा है।



### बंदीगृह नहीं खिड़की में लगाते हैं हथकड़ी

प्रतीक्षालय भवन में संचालित पुलिस थाना मेंहदवानी में जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को पुलिस प्रशासन द्वारा मजबूरन खतरा मोल लेते हुए हथकड़ी के साथ खिड़की में बांधकर रखा जाता है जो कभी मौका देखकर भाग सकते हैं जिसका सारा इल्जाम पुलिस पर आ सकता है।

### अब तक दस थाना प्रभारी आए गए


26 जनवरी 2017 को पुलिस थाना मेंहदवानी के स्थापना के बाद से अब तक 10 थाना प्रभारी आए और गए। सभी थाना प्रभारियों ने सीमित संसाधनों के बीच अपनी ड्यूटी बाखूबी निभाई। इस दरमियान समय समय पर पुलिस कप्तान डिंडौरी द्वारा पुलिस थाना मेंहदवानी का दौरा किया गया और जल्द ही थाना भवन का निर्माण कराने की बात दोहराई गई परन्तु आज तक पुलिस थाना मेंहदवानी को भवन नसीब नहीं हो सका है।

### थाना भवन और पुलिस आवास की दरकार

पुलिस थाना मेंहदवानी को पुलिस चौकी जैसे सुविधाएं भी नसीब नहीं हैं जिससे पुलिसकर्मियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस थाना मेंहदवानी में जब भी शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है तब पर्याप्त बैठक व्यवस्था नहीं बन पाता है। पुलिस थाना भवन नहीं बनने से पुलिस,अपराधी और आमजन सभी को दिक्कतें महसूस हो रही है।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 90 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 10 जून को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 90 आवेदन आये।

### मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में प्रख्याती को किया सम्मानित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिक्षा परिषद मेधावी अलंकरण समारोह में प्रख्याती का सम्मान दिनांक 8 जून 2025 को सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर में आयोजित मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ राजकुमार आचार्य, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पदाधिकारी, गण मान्य नागरिक ,प्राचार्य, अभिभावक गण की उपस्थिति में किया गया जिसमें सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की मेधावी छात्रा प्रख्याती राजपूत को हाई स्कूल बोर्ड मध्य प्रदेश प्रावीण्य सूची 2025 में दसवां स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रशस्ति पत्र 3000 राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया छात्रा की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ,संस्था प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 16 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में 16 जून 2025 को प्रातः 10.30 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण के पत्र जारी किये जायेंगे। विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जिले की विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता, जिन्हें अपनी कम्पनी शोरूम एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थाओं के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, वे भी मेला स्थल पर अपना स्टॉल लगा सकते हैं और आवश्यकतानुसार चयन कर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। यह जानकारी प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### भगवान के गुण प्रभाव और मर्म है गीता शास्त्र है गीता सत्संग संपन्न



**नरसिंहपुर।** श्रीमद्भगवद्गीता का पाक्षिक सत्संग का आयोजन बापू की कुटिया, सतीश टॉकीज के पीछे, कंदेली नरसिंहपुर में किया। प्रत्येक माह के दूसरे और चैथे रविवार को आयोजित प्रत्यक्ष सत्संग में गीता के एक श्लोक की व्याख्या होती है और मानव जीवन के सकारात्मक, आध्यात्मिक व्यवहार पर चर्चा की जाती है। पाक्षिक सत्संग के अंतर्गत गीता मर्मज्ञ और व्याकरण विशेषज्ञ गुरुजी शशिकांत मिश्र ने चौथे अध्याय के उनतालीस वां श्लोक का पदच्छेद अन्वय और साधारण भाषा व्याकरण टीका सहित व्याख्यान करते हुए बताया कि भगवान के गुण, प्रभाव और मर्म का वर्णन जिस प्रकार गीता शास्त्र में किया है, वैसा अन्य ग्रंथों में मिलना कठिन है। गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था नरसिंहपुर की गीता साधक मुक्ति राय के सौजन्य से आयोजित इस

# पत्रकारों के साथ शिक्षण विमर्श संगोष्ठी सम्पन्न








**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

मंगलवार को एम आई एम टी कॉलेज में शिक्षण विमर्श कार्यक्रम का आयोजन कर नई शिक्षा नीति पर पत्रकारों से चर्चा की गई। पत्रकारों द्वारा शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में विगत माह से वर्तमान तक महाविद्यालय मे संचालित विविध संकायों में शैक्षणिक विमर्श, हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह तथा अनेक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### रोजगार मूलक है शिक्षा नीति

महाविद्यालय द्वारा पत्रकार संवर्ग हेतु संवाद एवं विमर्श 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक उन्नयन में पत्रकारों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रोपयोगी बताया एवं इससे भावी भविष्य की संभावनाओं का वर्णन करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। पत्रकार संजय जैन, सुशांत पुरोहित, नीलेश जाट, दीपक श्रीवास्तव, मदन तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा द्वारा संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति को रोजगार मूलक बताते हुए शिक्षा के सिद्धांतों पर चर्चा की गई।

### बढ़ती तकनीक व शिक्षा की चुनौतियां

संगोष्ठि को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी द्वारा बताया कि तकनीकी युग मे शिक्षा सिद्धांतों पर भी बदलाव होता जा रहा है। नई तकनीकों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों कार्य विधि मे परिवर्तन की जानकारी साझा करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर बल दिया गया। ज्ञात हो कि एम आई एम टी कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र ने उत्कृष्ट कार्य करते हुये छात्र छात्राओं के हित में 26 वर्षों से निरंतर संचालित है। छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य निर्माण में महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक क्षेत्र से गतिविधियों का आयोजन कराकर प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता हैं। महाविद्यालय द्वारा ध्येय वाक्य के अनुसार नियमित्ता, अनुशासन व प्रोत्साहन पर शिक्षण कार्य कराया जाता है। विद्यार्थियों के हित में प्रत्येक शैक्षिक गतिविधियों का सूक्ष्मता से अध्ययन कराया जाता है। उच्च शिक्षित स्टॉफ द्वारा शैक्षिक कार्य प्रायोगिक व सैद्धांतिक पद्धति के माध्यम से शिक्षण कार्य के साथ साथ भविष्य निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जाता है।

### शैक्षणिक वातावरण युक्त है कैम्पस

महाविद्यालय में व्याख्यान कक्ष, सेमिनार हॉल, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, वाचनालय भी स्थापित है। महाविद्यालय का कैम्पस नगर के मध्य तथा हरा भरा शांत, सुरम्य, शैक्षणिक वातावरण युक्त एवं छात्राओं के लिए सुरक्षित कैम्पस है। प्राकृतिक वातावरण तथा पूरा परिसर कैमरे की निगरानी युक्त है। छात्र-छात्रओं के समग्र विकास हेतु संकल्पित महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन दिया जाता है। महाविद्यालय में एन सी सी एवं एन एस एस इकाई संचालित है। आधुनिक उपकरणों से युक्त कंप्यूटर, भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र की प्रयोगशालाएं स्थापित है। कम्प्यूटर प्रयोगशाला वातानुकूलित तथा आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है तथा सुव्यवस्थित पुस्तकालय एवं वाचनालय की व्यवस्था है एवं देश में प्रचलित विभिन्न इन्डोर एवं आउटडोर खेलों की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, व्हालीबॉल, बास्केट बॉल, कुश्ती, कबड्डी, जूडो कराटे, बेटमेंटन, शतरंज एवं टेबल टेनिस आदि खेलों के आवश्यक उपकरण महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जाते है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहा. प्राध्य. श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। सहा. प्रा. हेमराज सेन द्वारा सभी पत्रकारों को उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम में सभी पत्रकार बंधु एवं महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

# संगीतमय श्रीराम कथा हुआ समापन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

स्थानीय रामनगर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के नवम दिवस पर कथा व्यास पूज्य पंडित संतोष रामशंकर जी महाराज द्वारा श्रीराम-रावण युद्ध और रामराज्य स्थापना की कथा विस्तार से सुनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भगवान श्रीराम की जय-जयकार की और उनकी भक्ति में डूब गए। कथा के इस भाग में कथावाचक के द्वारा भगवान श्री राम और रावण के बीच हुए युद्ध का वर्णन किया गया। रावण ने भगवान राम की पत्नी सीता का अपहरण किया था, जो भगवान राम के लिए असहनीय था। भगवान राम ने रावण को सीता को वापस करने के लिए कहा, लेकिन रावण ने मना कर दिया। इस कारण भगवान राम ने रावण के खिलाफ युद्ध करने का निर्णय लिया। भगवान राम ने अपने मित्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर युद्ध की तैयारी की। उन्होंने वानर सेना को इकट्ठा किया और हनुमान, सुग्रीव, अंगद और जाम्बवन्त जैसे वीर योद्धाओं को अपने साथ लिया।भगवान श्रीराम ने अपनी सेना के साथ लंका पर चढ़ाई की और रावण का वध किया। इस युद्ध में भगवान श्रीराम की विजय हुई और उन्होंने अपना धर्म और न्याय की स्थापना की। युद्ध के बाद, भगवान श्रीराम ने अयोध्या में रामराज्य की स्थापना की। उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म और प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। भगवान श्रीराम के शासनकाल में प्रजा सुखी और समृद्ध थी। नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन हुआ। इस कथा के दौरान, भगवान श्री राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया और उनकी भक्ति और महत्व को समझाया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि, इस कथा ने उन्हें भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में जानने का अवसर दिया। आयोजक केवट परिवार ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

# सड़क क्रॉसिंग पर लटके तारों की बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



जिले के सिहोरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों, के मुख्य सड़क में सड़क क्रासिंग में बड़े पोल लगाकर 11केवी लाइन की ऊंचाई बढ़ाई गई हे जिसमें मुख्य मार्ग ग्राम घगरोला, भौरझिर, बहरा, खुलरी, बिलोनी, अजनसरा, गरहा, पनारी, सिहोरा, कल्याणपुर, मालनवाड़ा , नारंगी हरई,और निजोर में सड़क क्रॉसिंग पर लटके हुए तारों की बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान कर दिया गया है। इस पहल से क्षेत्र के लगभग 52 ग्रामों के किसान और ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं। वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता भूपाल सिंह ऊईके ने बताया कि इसके लिए विशेष तकनीकी टीमों को तैनात किया गया था समस्या के स्थायी समाधान के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए विभाग के टोल-फ्री नंबर 1912 अथवा मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गाडरवारा संभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष ओझा ने कहा, हमारे विभाग का उद्देश्य नागरिकों को सुचारू और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति प्रदान करना है। अधीक्षण अभियंता अमित चैहान नरसिंहपुर ने कहा कि ऐसे जनहितैषी कार्य पूरे संभाग में वरीयता के आधार पर किए जा रहे हैं। इस पहल से न केवल दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है, बल्कि क्षेत्र में विकास की गति को भी बढ़ावा मिला है।

# वट सावित्री पूर्णिमा पर महिलाओं ने किया पूजन अर्चन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दिन वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा करने का विशेष महत्व है, जो पति-पत्नी के रिश्ते की मजबूती और परिवार की खुशहाली का प्रतीक है। वट सावित्री व्रत का मुख्य उद्देश्य पति की लंबी उम्र और परिवार की समृद्धि के लिए प्रार्थना करना है। यह व्रत सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है, जिसमें सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस प्राप्त किया था। इस दिन सुहागिनें प्रातः काल में स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजा की सामग्री जैसे कि लाल कपड़ा, रोली, मौली, चावल, फूल, मिठाई लेकर वट वृक्ष के पूजन के लिए जाती है। वट वृक्ष के नीचे बैठकर वे सब उसकी पूजा करती और वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा भी करती हैं। इस अवसर पर नमिता जनोरिया और अन्य महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि के लिए प्रार्थना की और वट वृक्ष की पूजा की। यह व्रत भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति और आस्था का अनुपम उदाहरण है।




# मलेरिया जन-जागरण रथ गांवों में जाकर देगा जानकारी

**तेंदूखेड़ा**

मच्छरों को पनपने से रोकने तथा उनसे होने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर जन जागरण मलेरिया रथ गांव गांव जाकर लोगों को बचाव से संबंधित जानकारी देगा। विगत दिवस चांवरपाठा विकास खंड से ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल एम आई यशवंत शर्मा तथा कार्यालय की टीम के द्वारा रथ को रवाना किया गया।जगह जगह पानी के भराव से पनपने वाले मच्छरों की रोकथाम उनसे होने वाले डेंगू मलेरिया बुखार मच्छरदानी का उपयोग पूरे हाथ पैर ढकने वाले कपड़े पहनने बुखार आने पर पास की अस्पताल मे जाकर जांच कराने जैसे विषयों की जानकारी देगा।

# आरोपियों के अवैध कब्जे शासकीय जमीनें कराई जायें खाली

### हर गतिविधि पर रखी जाये नजर गौ तस्करी पर लगे रोक

**तेंदूखेड़ा**





रविवार को जिहादी मानसिकता वाले एक परिवार के द्वारा रंजिश के चलते देवेन्द्र सेन पर जिस बेरहमी और क्रूरता पूर्वक प्राण घातक हमला किया गया है। उससे नगर में रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को तेंदूखेड़ा के विभिन्न संगठनों और समाजों के लोग व्यापारी संगठनों ने एकत्रित होकर एक विशाल रैली निकाल कर पहले फरार आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग करते हुए इनकी अवैध गतिविधियों को खत्म करने एवं कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई थी। दूसरे दिन मंगलवार को भी एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस को भी सौंपा गया है। और कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई है।

### बढ़ाई गई धारा 307

हमारे प्रतिनिधि को नगर निरीक्षक सौरभ पटेल ने बताया कि सभी आरोपियों बुद्धु भाईजान आशिद जावेद उर्फ गोलू आखिव को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। तथा बी एन एस एस की धारा 118-1 115-2 296 333 351-3 तथा 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। स्तिथि को देखते हुए आरोपियों पर धारा 307 और बढ़ा दी गई है। तथा इनकी हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सभी वर्गों से सहयोग के साथ सामान्य स्थिति बनाये रखने संपर्क बना हुआ है।

### आरोपियों को पुलिस थाने से पैदल न्यायालय तक पैदल जुलुस निकाल कर पेश किया गया।

रैली ज्ञापन अवसर पर एकत्रित लोगों ने एक ही स्वर में यह विषय रखा है कि इनकी हर अवैधानिक गतिविधियों पर विराम लगाया जाना चाहिए।जंगल क्षेत्र में शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा करके खेती बाड़ी किया करतें हैं। यहीं से गायों मवेशियों को भरकर कत्ल खाने ले जाया करते हैं। और भी गतिविधि यहीं से संचालित हो रही है।ढावा नुमा टपरा बनाकर कई प्रकार की गतिविधियों को संचालित करते हैं।गौ तस्करी के साथ मुख्य सड़क मार्ग के किनारे खुले आम मांस बेचने का काम किया करते हैं।इन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि काफी लंबे समय से शासकीय भूमी पर आलीशान भवन बनाकर बैठें हैं और भौंरपानी जामुनपानी में जंगल के बड़े बड़े वृक्षों को कत्लेआम कर उपजाऊ जमीन बनाकर खेती किया करतें हैं। राजस्व विभाग को चाहिए की तत्काल प्रभाव से इनके द्वारा काबिज जमीनों की नाप खोज करके अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलना चाहिए। तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के किनारे सटे हुए आलीशान मकान बनाकर बैठें हैं। जिसमें खुले में मांस बेचतें है। सात्विक विचारधारा वाली धार्मिक भावनायें आहत हुआ करती है। विशेष ध्यान रखते हुए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाये। रात्रि में गौ तस्करी के साथ साथ अन्य गतिविधियों को संचालित करने के चक्कर में आरोपी स्वयं खुले आम घूमा करतें हैं उन पर विराम लगाने के साथ दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए। साथ ही साथ गौ तस्करी में सहयोग करने वालों को भी बक्शा नहीं जाना चाहिए।साथ ही घटना को अंजाम देने लेकर गये वाहनों को भी जब्त किया जाना चाहिए।